प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

......................

राज्य की मौजूदा सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आज से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। जोधपुर में राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 15 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके साथ ही 85 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया की शुरूआत करेंगे। श्री शर्मा 4 हजार 10 स्कूलों में 8 हजार 20 स्मार्ट क्लास रूम, ई–पाठशाला और विद्या समीक्षा केन्द्र का शुभारम्भ करेंगे। इसी के साथ ही लर्न, अर्न एण्ड प्रोग्रेस प्रोग्राम, राजस्थान टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना, स्पोर्टस लाइफ इंश्योरेंस स्कीम और बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम भी आज से शुरू होगा। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा से जुड़ने के अवसर मिलेंगे। उत्सव के दौरान श्री शर्मा 155 स्टार्टअप को फंडिंग, 1 लाख 25 हजार छात्राओं को साइकिल, 75 हजार 325 विद्यार्थियों को व्यवसायिक टूल किट, 23 हजार 100 विद्यार्थियों को टैबलेट और 21 हजार बालिकाओं को स्कूटी भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। इससे पहले आज सभी जिलों में 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का आयोजन किया गया। जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनपथ स्थित अमर जवान ज्योति से रन फॉर राजस्थान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, जोश और प्रतिभा से राजस्थान के विकास को एक नई गति मिलेगी। उन्होंने युवाओं से खेलों में बढ–चढ कर भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। आज शाम को भी जयपुर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पहली वर्षगांठ के कार्यक्रमों की कडी में कल प्रदेशभर में किसान सम्मेलन होंगे।

......................

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने यह बात कही। श्री गडकरी ने कहा कि छह राज्यों में प्रचलित योजना जल्द ही उत्तर प्रदेश और बाद में देश के बाकी हिस्सों में शुरू की जाएगी। यह योजना सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली, बेंगलुरु और जयपुर में सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने सदस्यों से दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने के लिए हर जिले में दुर्घटना निवारण समितियां गठित करने का अनुरोध किया।

......................

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। रीट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 दिसंबर से शुरू होगी। इसके तहत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर 15 जनवरी 2025 तक आवेदन किये जा सकेंगे। ये परीक्षा अगले साल 27 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इस बार रीट परीक्षा के पैटर्न में कुछ बदलाव किए गए हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी और इसमें पांचवां विकल्प शामिल किया गया है। यह बदलाव परीक्षा को अधिक पारदर्शी और सटीक बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसम्बर को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं।

......................

प्रदेश में कडाके की ठण्ड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य के ज्यादातर भागों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। आज सीकर में 1, चूरू और करौली में 2 दशमलव 2, पिलानी में 2 दशमलव 6, अलवर में 3, सिरोही में 3 दशमलव 7, बारां में 4 दशमलव 6, चित्तौडगढ में 5 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। राजधानी जयपुर में पारा गिरकर 6 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया। सवाईमाधोपुर और झुंझुनूं मे मैदानों में अल सुबह बर्फ की परत देखी गई। हनुमानगढ और पाली में भी सर्द हवाओं से जनजीवन प्रभावित है। मौसम केन्द्र जयपुर ने आगामी तीन–चार दिनों तक कडाके की सर्दी का असर बने रहने की संभावना व्यक्त की है।

.....................